शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट-https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 1997/E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनाँक 12.01.2024

–:: अधिसूचना ::–

सत्र 2023–24 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत स्थित शिक्षा महाविद्यालयों में बी.एड प्रथम वर्ष में SCERT के काउंसलिंग उपरांत प्रवेशित छात्राओं के पंजीयन एवं नामांकन फॉर्म भराये जाने के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 1691/E/परीक्षा–गोपनीय/2023, रायगढ़, दिनांक 14.12.2023 अंतिम तिथि 07.01.2024 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की गयी थी। उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए ऑनलाईन माध्यम से पंजीयन एवं नामांकन फॉर्म भरने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

क्रमाँक	विवरण	तिथि
01.	ऑनलाईन माध्यम से पंजीयन एवं नामाँकन किये जाने हेतु तिथि (बी.एड. प्रथम वर्ष)	दिनांक 13.01.2024 से दिनांक 17.01.2024 रात्रि 12:00 बजे तक
02.	छात्रों द्वारा महाविद्यालय में पंजीयन एवं नामांकन आवेदन जमा करने की तिथि	17.01.2024 तक
03.	महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में पंजीयन एवं नामांकन आवेदन जमा करने की तिथि	19.01.2024 तक

टीपः–

- ➢ महाविद्यालय छात्रों के नामांकन फॉर्म विश्वविद्यालय को प्रेषित करने के साथ SCERT से प्राप्त आबंटन सूची अनिवार्यतः संलग्न रहें ताकि दस्तावेजों का सही तरीके से मिलान हो सके।
- ➢ उपरोक्त आंबटन सूची एवं नामांकन फॉर्मो के साथ एक शपथ पत्र महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया जाए जिसमें यह उल्लेखित हो "SCERT द्वारा आबंटित/अनुशंसित छात्रों को ही महाविद्यालय में प्रवेश दिया गया है, तथा उनके ही पंजीयन/नामांकन फॉर्म अग्रेषित (संलग्न) किया जा रहा है। इस संबंध में किसी तरह की विसंगति पाए जाने अथवा विवाद की स्थिति में संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी" (प्रारूप संलग्न)।
- ➢ नियमित छात्र–छात्राओं का नामांकन आवेदन भराया जाना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी होगी।
- ➢ छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामाँकन आवेदन भरते समय (यूजर आई.डी. /पासवर्ड हेतु) एक मोबाईल नंबर से एक ही नामाँकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल एवं ईमेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जाए।
- ➢ छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन नामाँकन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध है।

- महाविद्यालय को संबंधित विषय/पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सीट संख्या के अनुसार ही नामाँकन आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अतः महाविद्यालय इसका विशेष ध्यान रखे।
- नामाँकन आवेदनों के अग्रेषण हेतु नामाँकन शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क पृथक से महाविद्यालय द्वारा नही लिया जायेगा।
- नामाँकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवे कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते है।
- नामाँकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

Scanned with AnyScanner

पृ.क्रं. 1998 /E / परीक्षा–गोपनीय / 2024 रायगढ़, दिनाँक 12.01.2024

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. उप–कुलसचिव (वित्त / भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. प्रभारी अधिकारी, अकादमिक विभाग, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित कि कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन पंजीयन एवं नामाँकन भरने हेतु सूचित करें।
05. अनुभाग अधिकारी / कक्ष प्रभारी (परीक्षा, अकादमी, भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. संपादक / संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
07. कार्यालय प्रति।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)

Scanned with AnyScanner